सप्लाई किये गये 25,000 सीमेंट के बोरों में प्रत्येक बोरे में 10 किलोग्राम सीमेंट कम था ;

(ख) यदि हां, तो इस भोंदे में कितने व्यक्तियों का हाथ है; और

(ग) इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

उद्योग मंत्री (श्री संजीवैया) : (क) से (ग). दिल्ली नगर निगम ने मध्य प्रदेश के एक सीमेंट कारखाने से यह शिकायत की थी कि 2000 मी० टन सीमेंट के आर्डर में से कारखाने द्वारा सम्भरित सीमेंट की पहली खेप में औसतन प्रति बोरी में से 5 से 6 किलोग्राम तक सीमेंट कम था। निगम के एक अधिकारी अगली खेप में सही तोल की जांच करने के लिए कारखाने भी गये थे। तोल में कमी को पूरा करने के प्रश्न पर सीमेंट के कारखाने और दिल्ली नगर निगम के बीच पत्र व्यवहार हो रहा है।

हिन्दी जानने वाले कर्मचारी

556. **श्री विश्राम प्रसाद**
श्री काशी राम गुप्त :
श्री नरदेव स्नातक :
श्री मोहन स्वरूप :
श्री छ० म० केदरिया :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 अगस्त, 1966 को उनके मंत्रालय में श्रेणी 1, श्रेणी 2 तथा श्रेणी 3 के ऐसे कितने कर्मचारी थे जो हिन्दी नहीं जानते ;

(ख) क्या मंत्रालय ने उन्हें हिन्दी पढ़ाने का कार्यक्रम बनाया है; और

(ग) यदि हां, तो इस कार्यक्रम के अनुसार सभी कर्मचारियों को कब तक हिन्दी का ज्ञान हो जायेगा ?

वाणिज्य मंत्री (श्री मनुभाई शाह) : (क) इस मंत्रालय मे श्रेणी 1 के 61 अधिकारी, श्रेणी 2 के 129 अधिकारी और श्रेणी 3 के 87 अधिकारी हैं जो हिन्दी नहीं जानते हैं ।

(ख) जी, हां ।

(ग) लगभग पांच वर्ष ।

हिन्दी में पत्र-व्यवहार

557. **श्री विश्राम प्रसाद :**
श्री काशी राम गुप्त :
श्री नरदेव स्नातक :
श्री मोहन स्वरूप :
श्री छ० म० केदरिया :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय में तथा इससे सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में वर्ष 1966 के पूर्वार्धि में हिन्दी में लिखे कुल कितने पत्र आये; और

(ख) उन में से कितने पत्रों का उत्तर हिन्दी में और कितने पत्रों का उत्तर अंग्रेजी में दिया गया ?

वाणिज्य मंत्री (श्री मनुभाई शाह) : (क) और (ख). जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

कार्यालयों में हिन्दी का प्रयोग

558. **श्री विश्राम प्रसाद :**
श्री काशी राम गुप्त :
श्री नरदेव स्नातक :
श्री मोहन स्वरूप :
श्री छ० म० केदरिया :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय में ऐसे सरकारी कर्मचारी कितने हैं जिनसे गृह-कार्य मंत्रालय